हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, गुरुवार, 11 जुलाई 2024
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती



## खबर संक्षेप

### जल संरक्षण विषय पर जन जागरूकता कार्यक्रम का किया जा रहा आयोजन



**सक्ती।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मातृत्व लाभ सप्ताह अंतर्गत जल शक्ति से नारी शक्ति थीम पर जल संरक्षण विषय पर जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। इसमें हितग्राहियों के द्वारा जल संरक्षण का शपथ लेते हुए जल संचय के महत्व को उनको समझाते हुए वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। उक्त कार्यक्रम में अधिक से अधिक जन भागीदारी करते हुए अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की गई है। महिला एवं बाल विकास विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार सक्ती जिले के सभी बाल विकास परियोजना अंतर्गत समस्त आंगनबाड़ी केंद्र में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा तथा 12 जुलाई को वृहद स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में समस्त जिलेवासियों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल होने की अपील की गई है।

### बिजली दरों में बढ़ोतरी एवं अघोषित कटौती के विरोध में कांग्रेसियों ने किया धरना-प्रदर्शन



**अकलतरा।** बिजली की दरों में बढ़ोतरी एवं अघोषित विद्युत कटौती के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा नगर के शास्त्री चौक में सुबह 11 बजे से 2 बजे तक धरना प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष फूलन सोनवानी ने कहा कि प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी की सरकार को आम जनता के दुख दर्द से कोई सरोकार नहीं है। बिजली की दरों में बढ़ोतरी करके भाजपा शासन के द्वारा अपना जन विरोधी चेहरा उजागर किया गया है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य सुशांत सिंह ने कहा कि कांग्रेस शासन काल में राज्य के लोगों को निर्बाध विद्युत सप्लाई बहुत कम दरों में होता था वही भाजपा शासन के द्वारा प्रदेश के बिजली घरों से अन्य राज्यों को बिजली बेचकर अपने ही राज्य के लोगों पर बिजली दर में बढ़ोतरी एवं विद्युत कटौती कर परेशान किया जा रहा है। नगर कांग्रेस अध्यक्ष महेश्वर टंडन ने कहा किप्रदेश की जनता भीषण गर्मी एवं उमस में त्राहि त्राहि कर रही है वहीं भाजपा शासन के द्वारा अघोषित विद्युत कटौती कर जनता को परेशान किया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी ने शास्त्री चौक पर धरना प्रदर्शन और आंदोलन करने के बाद सीएम के नाम नायब तहसीलदार चंद्र प्रकाश साहू को ज्ञापन सौंपा और सरकार विरोधी नारे भी लगाए। कार्यक्रम को जिला पंचायत सदस्य दिलेश्वर साहू, नगरपालिका उपाध्यक्ष दिवाकर राणा, नगर कांग्रेस कमेटी महामंत्री मनोज अग्रवाल, पार्षद विजय खांडेल, भविष्य चंद्राकर, हर्षवर्धन सिंह , तनवीर आलम, गगन गुरुद्वान एवं अविनाश साहू ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में मदन मोहन सिंह, संतोष सिंह बैस, संतोष यादव, अब्दुल मोईद खान,वाहिद खान, ढेलाराम कैवर्त, धनीराम यादव, राजेश जैन , डीआर डाहीरे, अंकित सिसोदिया ,अमित यादव शशि शंकर डहरिया श्याम खरे, फूल सिंह जगत, थामेश्वर दास एवं कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### बस स्टैण्ड चौक में निःशुल्क फलदार पौधे का वितरण 14 को

**बिर्रा ।** एक पेड़ मां के नाम के तहत बस स्टैंड चौक बिर्रा में जिला पंचायत जांजगीर चांपा वन विभाग के सभापति गगन जयपुरिया के द्वारा 14 जुलाई रविवार को सुबह 9 बजे से निशुल्क फलदार पौधा वितरण कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। जिला पंचायत जांजगीर चांपा के सभापति गगन जयपुरिया ने एक पेड़ मां के नाम के तहत पर्यावरण सुरक्षा हेतु कम से कम एक वृक्ष लगाकर एवं उसकी सुरक्षा का जिम्मेदारी लेकर धरती माता को बचाने का अपील किए हैं। पौधा लगाने के इच्छुक व्यक्ति बस स्टैंड चौक बिर्रा में पहुंचकर निशुल्क फलदार पौधा प्राप्त कर सकते हैं।

जय श्रीराम के जयकारों से राममय हुआ खोखरा चौक, विधायक एवं कलेक्टर ने बस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# रामलला का दर्शन करने जिले के 187 भक्तों की टोली अयोध्या रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

श्री रामलला दर्शन योजना के तहत बिलासपुर के रेलवे स्टेशन से अयोध्या जाने वाली विशेष ट्रेन जिले के 187 राम भक्तों की टोली एवं 10 एस्कॉर्ट ऑफिसर को लेकर रवाना हुई। इस अवसर पर बुधवार 10 जुलाई को खोखरा चौक जांजगीर में विधायक व्यास नारायण कश्यप, कलेक्टर आकाश छिकारा एवं जनप्रतिनिधियों ने राम भक्तों को जांजगीर से रेलवे स्टेशन बिलासपुर तक ले जाने वाली बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर विधायक व्यास नारायण कश्यप ने सभी नागरिकों से कहा कि शासन की योजना का अधिक से अधिक लाभ लें। श्रद्धालु बलराम पांडे एवं राकेश तिवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव से द्वारा निकाली गई श्री राम लाल दर्शन योजना बहुत ही अच्छी योजना है। जिसके माध्यम से हम सुविधाओं के साथ निशुल्क अयोध्या जाकर भगवान श्री राम लाल जी के दर्शन कर पा रहे हैं। इस अवसर पर खोखरा चौक जांजगीर जय श्री राम के नारो से गुंजायमान हो गया। इस दौरान पार्षद रितेश यादव, सहायक कलेक्टर दुर्गा प्रसाद अधिकारी, अपर कलेक्टर




बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी।

एस पी वैद्य, जिला पंचायत गोकुल कुमार रावटे, पलाश चंदेल सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

**जनपद, नगरीय निकाय के साथ एस्कार्ट ऑफिसर शामिल-** जिले के 187 राम भक्तों की टोली एवं एस्कार्ट ऑफिसर को लेकर रवाना हुई। जिनमें जनपद पंचायत नवागढ़ से 27, जनपद पंचायत बम्हनीडीह से 27, जनपद पंचायत पामगढ़ से 27, जनपद पंचायत अकलतरा से 28, बलौदा जनपद पंचायत से 28 एवं सभी नगरीय निकाय से 45 यात्री और 05 एस्कार्ट ऑफिसर शामिल हैं।

## रामलला दर्शन को लेकर श्रद्धालुओं में दिखा भारी उत्साह

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा राज्य के राम भक्तों के लिए निःशुल्क अयोध्याधाम में श्री राम के दर्शन कराने हेतु श्री रामलला दर्शन (अयोध्याधाम) योजना की शुरूआत की गई है। जिसके तहत विशेष ट्रेन के माध्यम से प्रत्येक जिलों से श्रद्धालुओं का चयन कर उन्हें रामलला के दर्शन हेतु सुविधाजनक रूप से ले जाया जा रहा है। इसी तारतम्य में जिला सक्ती के 36 रामभक्तों और जिला प्रशासन द्वारा नियुक्त 1 नोडल अधिकारी सहित कुल 37 लोगों के दल के लिए भेजे जा रहे वाहन को कलेक्टर अमृत विकास तोपनो और जनप्रतिनिधियों ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान श्रद्धालुओं में भारी उत्साह दिखा। श्रद्धालुओं का दल बस द्वारा



सक्ती से बिलासपुर फिर बिलासपुर से विशेष ट्रेन के माध्यम से अयोध्या पहुंचेंगे। साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य सरकार की महत्त्वाकांक्षी श्री रामलला दर्शन योजना के माध्यम से जिले के लोग श्री रामलला दर्शन का लाभ प्राप्त कर पा रहे हैं जो शासन का प्रशंसनीय कदम है। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर दुष्यंत रायस्त, एसडीएम सक्ती अरूण सोम, डिप्टी कलेक्टर विश्वास कुमार, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष राम अवतार अग्रवाल,जिला पंचायत सदस्य श्रीमती विद्या सिदार, चितरंजय पटेल, अभिषेक शर्मा, उदय वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारी और जाने वाले सभी श्रद्धालु मौजूद थे।

# श्याम भजनों की प्रस्तुति पर झूमते रहे भक्त



श्याम भजनों की प्रस्तुति देते कलाकार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

नगर के अग्रसेन नगर में नवनिर्मित श्री श्याम मनोहर मंदिर में श्री खाटू श्याम के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा 12 जुलाई को होना है। इससे पूर्व श्याम भक्त परिवार के द्वारा 8 जुलाई से 12 जुलाई तक प्रतिदिन भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है।

■ श्री श्याम खाटू बाबा का अलौकिक श्रृंगार कर लगाया गया है भव्य दरबार

8 जुलाई को भजन गायक निहारिका पुरोहित, चैतन्य ददीच एवं ऋतुराज अग्रवाल के द्वारा रंगारंग श्याम भजनों की प्रस्तुति दी गई। 9 जुलाई को सौरभ शर्मा ,संध्या तोमर एवं आशी अमिषी के भजनों ने ऐसा रंग जमाया की श्याम भक्त परिवार एवं नगर वासी भाव विभोर होकर भक्ति रस में झूमने लगे। भजन स्थल पर आयोजन समिति के द्वारा श्री श्याम खाटू बाबा का अलौकिक श्रृंगार कर भव्य दरबार लगाया गया है। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के तहत 9 जुलाई को प्रातः 8 बजे घृताधिवास एवं शाम 4 बजे गंध पुष्पाधिवास कार्यक्रम आयोजित किया गया इसी प्रकार 10 जुलाई को प्रातः 8 बजे फल मिष्ठान एवं शाम 4 बजे शर्करा भोग का आयोजन किया गया। श्याम भक्त परिवार द्वारा आयोजित भजन संध्या में नगर के साथ-साथ अन्य नगरों व अन्य जिलों के श्याम भक्त भी भक्ति रस में डूबने के लिए पहुंच रहे हैं।

### मिडिल स्कूल में किया गया न्योता भोज का आयोजन



**शिवरीनारायण।** नगर के शासकीय बालक पूर्व माध्यमिक शाला में न्योता भोज कार्यक्रम का आयोजन नगर पंचायत शिवरीनारायण के अध्यक्ष अंजनी मनोज तिवारी के द्वारा किया गया। विद्यालय के कुल 80 बच्चों ने स्वादिष्ट भोजन किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से नवागढ़ बीईओ विजय लहरे, एपीसी हेमा शर्मा, एबीओ इंद्र मणि सिंह, लेखापाल बजरंग कटकवार , प्राचार्य बसंत देवांगन, कोमल साहू टी आर कुर्रे रमेश साहू, प्रधान पाठक ओपी शर्मा, रेशमा उंराव, सत्यनारायण यादव,मनमोहन महिलांगे,मीनाक्षी केशरवानी, अजय खन्ना, शिवरीनारायण नगर पंचायत सीएमओ आशीष तिवारी लेखापाल पूजा साहू, पार्षद मनोज तिवारी, निरंजन कश्यप, शिवशंकर सोनी, पिंटू भट्ट, मुरली नायर, सरोज सारथी, उग्रेश्वर गोपाल केवट,अजय कुमार केवट, सदस्य बंशी लाल केंवट, धनवीर जाहिरे सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## समीक्षा बैठक में भाजपा के पक्ष में मिले वोट एवं मतदान प्रतिशत पर हुई चर्चा

**सक्ती।** भाजपा जिला कार्यालय में लोकसभा चुनाव को लेकर सक्ती विधानसभा का समीक्षा बैठक भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा की अध्यक्षता एवं पूर्व प्रदेश महामंत्री गिरधर गुप्ता, विशिष्ठ अतिथि सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े एवं पूर्व विधायक डॉ खिलावन साहू, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष रामावतार अग्रवाल राष्ट्रीय पदाधिकारी श्रीमती विद्या सीदार जिला उपाध्यक्ष संजय रामचंद्र की उपस्थित में हुआ।

इस समीक्षा बैठक में भाजपा के जिला के पदाधिकारी विधानसभा कोर कमेटी के सदस्य भाजपा के प्रदेश मोर्चा जिला पदाधिकारी जिला पंचायत सदस्य पार्षद जनपद सदस्य मंडल पदाधिकारी जोन प्रभारी शक्ति केंद्र प्रभारी उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक में लोकसभा चुनाव में विधानसभा शक्ति के मंडलों मे भाजपा के पक्ष में मिले वोट एवं उसके मतदान प्रतिशत पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रदेश के पूर्व महामंत्री गिरधर गुप्ता ने मंडल अध्यक्षों से एक एक कर चर्चा की एवं उन मंडलों के बूथ पर भाजपा के पक्ष में पड़े मतों की संख्या पर विश्लेषण किया, जहां शक्ति नगर मंडल शक्ति ग्रामीण मंडल बाराद्वार मंडल सारागांव मंडल के प्राप्त मतों के जीत के अंतर जहां-जहां भाजपा को कम मत पड़े वहां क्यों मतों का प्रतिशत में




समीक्षा बैठक में उपस्थित भाजपा पदाधिकारी।

कमी आई उन जगहो सहित उनके कारणों पर विस्तृत चर्चा की गई और भविष्य में उन जगहों पर पार्टी कार्यकर्ता कड़ी मेहनत करेंगे ऐसा उन्होंने विश्वास जताया। समीक्षा बैठक में उपस्थित जनों को जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा, पूर्व विधायक डॉ खिलावन साहू एवं सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री टिकेश्वर गबेल तथा आभार प्रकट जिला महामंत्री घनश्याम साहू ने किया। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारी, विधानसभा सक्ती के मंडलों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महामंत्री, सक्ती केंद्र प्रभारी सहित भाजपा के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### नगर के जनसमस्याओं को लेकर शिवसेना ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**अकलतरा।** नगर के जन समस्याओं को लेकर के शिवसेना जिला अध्यक्ष दिलेश्वर विश्वकर्मा के नेतृत्व में एसडीएम को सौपा गया। ज्ञापन में अकलतरा नगर में समस्त नालियों की साफ सफाई एवं समस्त स्ट्रीट लाइट का मरम्मत कराने , पीएम आवास योजना का नवीन सूची निकालकर गरीबों को पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने, जिस समय स्कूल के बच्चे नगर में स्कूल जाते हैं उसे समय में भारी वाहनो पर नो एंट्री लगाने के लिए एसडीएम विक्रांत अंचल, सीएमओ सौरभ तिवारी एवं थाना प्रभारी मणिकांत दुबे को सौंपा गया। शिवसेना जिला अध्यक्ष दिलेश्वर विश्वकर्मा ने बताया कि नगर के महावीर राइस मिल का प्रदूषित पानी नगर पालिका के बोरवेल के पास जमा होता है जिससे नगर वासियों को आपूर्ति किए जाने वाले पेयजल के प्रदूषित होकर महामारी फैलने की आशंका है। इस पर कार्रवाई के मांग को लेकर एसडीएम का ध्यान आकर्षित किया। ज्ञापन सौंपने वाले में शिवसेना जिला अध्यक्ष दिलेश्वर विश्वकर्मा ,किसान सेना जिला अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण नायक, युवा सेना जिला अध्यक्ष दीपक यादव, रामावतार कश्यप जिला महासचिव शिवसेना ,युवा नेता राजेंद्र यादव , सगून यादव ,महिला सेना जिला अध्यक्ष दीपा मरावी, जिला सचिव यशवंति कुंभकार ,जिला प्रवक्ता रीना कुर्रे एवं शिवसेना के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## माता-पिता के समान पेड़-पौधे प्रदान करते हैं संरक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

पामगढ़ विकासखंड के ग्राम मेऊ में पामगढ़ विधायक एवं कलेक्टर द्वारा बुधवार 10 जुलाई को ''एक पेड़ मां के नाम'' के संदेश के साथ पौधारोपण किया गया। उन्होंने जिलेवासियों को पर्यावरण संरक्षण के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधा लगाने के लिए प्रोत्साहित किया।

इस दौरान पौधरोपण एवं पर्यावरण संरक्षण को लेकर सहायक कलेक्टर दुर्गा प्रसाद अधिकारी ने शपथ भी दिलाई। विधायक श्रीमती शेषराज हरबंश ने कहा कि जिस प्रकार माता-पिता हमें संरक्षण देते हैं उसी प्रकार पेड़ भी हमें संरक्षण प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि ''एक पेड़ मां के नाम'' की इस लाईन में बहुत गहराई छुपी हुई है और हमें पर्यावरण को संरक्षित रखने के लिए पेड़ जरूर लगाना चाहिए। कलेक्टर ने कहा कि ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के माध्यम से सभी नागरिक पर्यावरण को शुद्ध बनाए रखने के लिए पेड़-पौधे जरूर

■ विधायक एवं कलेक्टर ने ''एक पेड़ मां के नाम'' के संदेश के साथ लगाए पौधे



पौधरोपण करते अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि।

लगाएं। इस दौरान कैच द रैन के तहत नारी शक्ति से जल शक्ति थीम के अंतर्गत जल संरक्षण के क्षेत्र में भी ग्रामीणों को जानकारी दी गई। इस दौरान विधायक श्रीमती शेष राज हरबंश, जनपद अध्यक्ष कल्याणी यादव, सरपंच श्रीमती ज्योति बंजारे, कलेक्टर आकाश छिकारा, वनमंडलाधिकारी श्रीमती प्रियंका पांडेय, सहायक कलेक्टर दुर्गा प्रसाद अधिकारी, अपर कलेक्टर एस पी वैद्य, सीईओ मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल कुमार रावटे, स्व सहायता समूह की महिलाएं, स्काउड गाईड, स्कूली विद्यार्थियों सहित उपस्थित नागरिकों ने ''एक पेड़ मां के नाम'' के संदेश के साथ पौधे लगाए।

### 13 को जांजगीर एवं 14 को चांपा में रवाना होगी हरियाली रथ

जिले में निःशुल्क पौधा वितरण हेतु हरियाली प्रसार रथ शनिवार 13जुलाई एवं रविवार 14 जुलाई को रवाना किया जाएगा। 13 जुलाई जांजगीर के कलेक्टोरेट से रथ रवाना होगा। हरियाली प्रसार रथ जांजगीर द्वारा बीटीआई चौक, कचहरी चौक, नेताजी चौक, शारदा चौक, स्टेशन चौक नैला जांजगीर, गांधी चौक एवं भीमा तालाब जांजगीर में 30-30 मीनट नि शुल्क पौधा वितरण किया जाएगा। इसी प्रकार हरियाली प्रसार रथ द्वारा चांपा में 14 जुलाई को बेरियल चौक चांपा से थाना चौक, परशुराम चौक, लायंस चौक, बरपाली चौक, स्टेशन चौक, मोढ़ी चौक, सदर बाजार, कदम चौक, राजा पारा चौक, कसेर चौक पर वितरण किया जाएगा।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मालखरौदा जिला सक्ती (छ.ग.)**

रा. प्र. क्र. / / अ-2 / 2023-24
ग्राम चरौदा तहसील - अडभार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि शिवनारायण साहू पिता महेत्तर साहू जाति तेली निवासी चरौदा तहसील अडभार जिला सक्ती (छ.ग.) द्वारा अपने स्वयं की भूमि स्वामी हक की भूमि ग्राम चरौदा तहसील अडभार जिला - सक्ती (छ.ग.) में अवस्थित भूमि खसरा नं. 573/2 रकबा 0.065 हे. भूमि को आद्योगिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने आवेदन पेश किया गया है।

अतः आवेदक के उक्त भूमि का आद्योगिक प्रयोजन हेतु पुनर्निधारण किये जाने पर जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 15/7/24 तक स्वयं या अधिवक्ता के जरिये उपस्थित होकर विधि अनुसार लिखित रूप से आपत्ति पेश कर सकते हैं नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 27/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील, मूहर लगाकर जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**जिला सक्ती (छ.ग.)**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मालखरौदा जिला सक्ती (छ.ग.)**

रा. प्र. क्र. / / अ-2 /2023-24
ग्राम चरौदा तहसील - अडभार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि दमेश्वर प्रसाद साहू पिता जितेन्द्र कुमार साहू जाति तेली निवासी मुक्ता तहसील मालखरौदा जिला सक्ती (छ.ग.) द्वारा अपने स्वयं की भूमि स्वामी हक की भूमि ग्राम कलमी तहसील मालखरौदा जिला - सक्ती (छ.ग.) में अवस्थित भूमि खसरा नं. 934/8 रकबा 0.0240 हे. भूमि को व्यावसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने आवेदन पेश किया गया है।

अतः आवेदक के उक्त भूमि का व्यावसायिक प्रयोजन हेतु पुनर्निधारण किये जाने पर जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 15/7/24 तक स्वयं या अधिवक्ता के जरिये उपस्थित होकर विधि अनुसार लिखित रूप से आपत्ति पेश कर सकते हैं नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 27/6/ 24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील, मूहर लगाकर जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**जिला सक्ती (छ.ग.)**

**समक्ष नोटरी व्ही.के. पटेल**
**तह. चाम्पा (छ.ग.)**

**शपथ पत्र**

मैं निधि सराफ उम्र 32 वर्ष पति सौरभ कुमार सराफ निवासी मंझली तालाब के पास बरारी आश्रम के सामने चाम्पा तहसील चाम्पा जिला जांजगीर चाम्पा छ.ग.
निम्नलिखित शपथपूर्वक कथन करती हूँ :
1. यह की मै उक्त पते की निवासी हूँ मेरा मूल निवास अम्बिकापुर जिला सरगुजा छत्तीसगढ़ है। मैंने कक्षा 10वीं तक की शिक्षा प्राप्त की है मेरे सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्र में मेरा नाम निधि सर्राफ (NIDHI SARRAF) पिता अशोक सर्राफ लिखा हुआ है तथा मेरे आधार कार्ड संख्या 294349691539 में मेरा परिवर्तित नाम निधि सराफ (NIDHI SARAF) उम्र 32 वर्ष पति सौरभ कुमार सराफ लिखा हुआ है। 2. यह की मेरा विवाह दिनांक 24/04/2013 को होटल ड्रीम पॉइंट जांजगीर में सौरभ कुमार सराफ के साथ संम्पन हुआ है। 3. यह की विवाह पश्चात मेरा नाम निधि सर्राफ (NIDHI SARRAF) पिता अशोक सर्राफ के स्थान पर परिवर्तित हो कर निधि सराफ (NIDHI SARAF) पति सौरभ कुमार सराफ हो गया है तथा लोग अब मुझे मेरे परिवर्तित नाम से जानते एवं पहचानते है। 4. यह की भविष्य में जहां कही भी आवश्यकता हो मुझे मेरे परिवर्तित नाम निधि सराफ (NIDHI SARAF) पति सौरभ कुमार सराफ के नाम से जाना जावे एवं शासकीय एवं अर्ध शासकीय अभिलेखों में जहां कहीं भी आवश्यक हो लिखा एवं पढ़ा जावे जिसके सत्यता के समर्थन में मै यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रही हूँ ।

शपथकर्ता–निधि सराफ

**सत्यापन**

मै निधि सराफ उम्र 32 वर्ष पति सौरभ कुमार सराफ निवासी मंझली तालाब के पास बरारी आश्रम के सामने चाम्पा तहसील चाम्पा जिला जांजगीर चाम्पा छ. ग. सत्यापित करती हूँ की इस शपथ पत्र की कंडिका 1 से 4 तक की बातें सत्य एवं सही है।

सत्यापनकर्ता–निधि सराफ

**TOP IN JANJGIR**

**ADMISSION GUIDENS 2024-25**

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 01 | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 02 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 03 | BPT (बेचलर ऑफ फिजीयो थैरेपी) | 4 Year | 12th Bio |
| 04 | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 05 | D. PHARMA | 2 Year | 12th Bio&Maths |

Gurukripa paramedical college Nehru Chowk Bilaspur Mo.7000421146

जैन स्वीट्स
पारस बाजार के पास, जांजगीर
हमारे यहां से ताजि स्वादिष्ट, पवित्र मिठाई एवं टेस्ट में बेस्ट नमकीन प्राप्त करें
रसगुल्ला, हीरामणी रसमलाई, मावामाटी, काजू कतली, चूरमाबरफी अन्य 56 प्रकार की मिठाई मिलती है



फाफड़ा, खम्मन ढोकला, कचौड़ी सभी अवसरों पर आर्डर लिये जाते हैं




8889821151, 8871779942

**न्यायालय तहसीलदार अकलतरा, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

क्र. / /2024 / EWS / तह. / 2024
अकलतरा, दिनांकः-
रा.प्र.क्र................/20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका प्रतीमा सिंह पिता स्व. संजय सिंह जाति क्षत्रिय निवासी ग्राम तरौद तहसील अकलतरा के शैक्षणिक संस्थानों द्वारा अपने पुत्री वनीषा सिंह के लिए शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश प्राप्त करने हेतु आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए निर्धारित 10 प्रतिशत आरक्षण का लाभ प्राप्त करने हेतु भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में आय एवं संपत्ति प्रमाण पत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतएव उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति अथवा दावा पेश करना हो तो 20/07/24 को प्रातः 10.30 बजे तक मेरे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा आपत्ति पेश कर सकते है। उपरोक्त तिथि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 22/5/24 को मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के सील मुहर द्वारा जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**अकलतरा**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मालखरौदा जिला-सक्ती (छत्तीसगढ़)**

**// पेपर प्रकाशन //**

प्रति,
(1) देवनारायण, शिवप्रसाद, रामनारायण पिता स्व. रामेश्वर एवं बुंदरी बाई पति स्व. रामेश्वर (2) भोजराम पिता घासीराम, (3) रमेश्वरी पति स्व. श्याम सुंदर साहू, सतीश्वर, सतीश्वरी पिता स्व. श्याम सुंदर साहू क्रमांक 1 से 3 सभी निवासी ग्राम मिरौनी, तहसील मालखरौदा, जिला सक्ती (4) श्यामबाई पंति स्व. सहसराम साहू, (5) हीरा पति स्व. गणेश राम साहू, पारसमणी पिता स्व. गणेशराम साहू क्र. 9, 10, 11 निवासी ग्राम मिरौनी तहसील मालखरौदा, हाल मुकाम वरिष्ठ कृषि विकास विस्तार अधिकारी कार्यालय के पीछे मालखरौदा, तहसील मालखरौदा, जिला सक्ती (छ.ग.)

**विषय : न्यायालय में उपस्थिति बाबत।**

एतद द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय के रा.प्र.क. 202310311900013 / अ - 6अ / 2023-24 पक्षकार चंदराम बनाम देवनारायण वगै. ग्राम मिरौनी, तहसीलदार मालखरौदा में आवेदक चंदराम माली पिता हरीराम माली जाति मरार, ग्राम मिरौनी द्वारा खसरा नंबर 1505 / 4 रकबा 0.081 हे. में त्रुटि सुधार हेतु आवेदन पेश किया है जिसमें आप पक्षकार है ।

अतः तत्संबंध में आप इस न्यायालय में आगामी पेशी तिथि 26.07.2024 को अनिवार्यतः उपस्थित होना सुनिश्चित करें। उक्त दिवस में आपकी अनुपस्थिति की दशा में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**जिला-सक्ती (छ.ग.)**

ग्लोबल प्रा. आई.टी.आई
ITI AKALTARA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
मनका दाई मंदिर के पीछे, वार्ड नं. 3, बलोदा रोड, अकलतरा , (जांजगीर-चांपा)
89595-93946 • 89595-44444

तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 27. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, गुरूवार, 11 जुलाई 2024

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

4 कलेक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया औचक निरीक्षण



स्थापना वर्ष 2014
आइये मेडिकल के क्षेत्र में अपना भविष्य बनायें ...
विजन पैरामेडिकल
INFORMATION *CAREER GUIDANCE *ADMISSION
* COUNSELING & COACHING CENTER
प्रवेश प्रारंभ
गुणवत्ता युक्त एवं विश्वसनीय सेंटर
सभी पाठ्यक्रम छत्तीसगढ़ में नौकरी एवं रजिस्ट्रेशन हेतु मान्य हैं।
मोबा. 9131330801, 9340751120, 7869622725
पता: बिजली ऑफिस के सामने, राछाभाठा (नवागढ़) जिला- जांजगीर चांपा (छ.ग.)
योग्यता - 12 वीं (जीव विज्ञान)
COURSES
BACHELOR IN MED.LAB. TECHNICIAN - 3 Years
DIPLOMA IN MED.LAB. TECHNICIAN - 2 Years
DIPLOMA IN AYURVEDIC PHARMACY - 2 Years
DIPLOMA IN X-RAY TECHNICIAN - 2 Years
DIPLOMA IN OPTHELMIC TECHNICIAN - 2 Years
CERTIFICATE IN OT TECHNICIAN - 1 Year




## खबर संक्षेप

### कक्षा 5वीं के छात्र-छात्राओं के लिए नवोदय प्रवेश के लिए अभ्यास टेस्ट

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर आकाश छिकारा के विशेष पहल पर जिले के शासकीय स्कूलों में कक्षा 5 वीं में अध्ययनरत छात्रा-छात्राओं के लिए नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा का अभ्यास टेस्ट आयोजित किया गया ताकि शासकीय स्कूलों के छात्र-छात्राओं का अधिक से अधिक चयन नवोदय विद्यालय में हो सके। नवोदय विद्यालय में बच्चों का चयन हो और वह प्रवेश पाएं इसको लेकर जिले सभी स्कूलों में शिक्षकों के माध्यम से तैयारी कराई जा रही है। कलेक्टर आकाश छिकारा द्वारा जिले में सतत रूप से शिक्षा के विकास को लेकर विभिन्न प्रकार की शैक्षणिक गतिविधियां चलाई जा रही है। जिनमें बोलेगा बचपन, पढ़ाई का कोना के साथ ही स्कूली बच्चों के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों को लेकर भी अभ्यास टेस्ट कराये जा रहें हैं।

### केरा में 25 को लगेगा जनसमस्या निवारण शिविर

**जांजगीर-चांपा।** आम ग्रामीणजनों की समस्याओं, आवश्यकताओं एवं शिकायतों के समाधान आसानी हो सके इसके लिए 9 जुलाई से शिविर लगना प्रारंभ हो गया है, जो 26 दिसंबर तक लगेगा। इसी के तहत 25 जुलाई को नवागढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत केरा के पंचायत भवन के सामने में, 6 अगस्त को पामगढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कोसा के पंचायत भवन के पास, 22 अगस्त को बलौदा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत जर्वे-ब के शासकीय प्राथमिक शाला प्रागंण में, 10 सितम्बर बम्हनीडीह विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत करनौद के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला प्रागंण में, 26 सितम्बर को नवागढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत खोखरा के मनका दाई मंदिर के पास, 8 अक्टूबर को अकलतरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पकरिया झू के हाई स्कूल परिसर में आयोजित किया जाएगा।

### रोजगार कार्यालय में रोजगार मेला का आयोजन 16 को

**जांजगीर-चांपा।** जिला प्रशासन जांजगीर चांपा एवं जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जांजगीर चांपा द्वारा इस जिले के युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रोजगार मेला का आयोजन 16 जुलाई को जिला रोजगार कार्यालय लाइवलीहुड कॉलेज जांजगीर में किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेला में अभी तक निजी क्षेत्र के 17 नियोजको से 3146 रिक्तियाँ प्राप्त हुआ है। जिसमें टेक्निकल फील्ड के 1216, सिक्युरिटी गार्ड 1250, फाईनेंस सेक्टर 251 व कृषि क्षेत्र में 113 व अन्य क्षेत्रों मे 316 पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जावेगी। संभावित तिथि तक पदों की संख्या बढ़ सकती है।

### नगरीय निकाय चुनाव को लेकर तैयारियां शुरू

# जनगणना के आंकड़े पुराने, नहीं बढ़ेंगे वार्ड, होगा परिसीमन व समायोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा




तकरीबन छह बाद नगरीय निकायों में चुनाव होना है। इसको लेकर प्रशासन के साथ अमले ने भी तैयारियां शुरू कर दी है। फिलहाल जनगणना के आंकड़े पुराने है। ऐसे में वार्डो के बढ़ने की संभावना नहीं है। हालांकि जनसंख्या व परिस्थितियों को देखते हुए परिसीमन और समायोजन का काम किया जाएगा।

गौरतलब है कि विधान सभा एवं लोकसभा का चुनाव समाप्त होने के बाद जिला प्रशासन का प्रशासनिक अमला अब नगर पालिका एंव नगर पंचायत चुनाव की तैयारी में लग गया है। वही इसके लिए विभिन्न वार्डो का परिसीमन शुरू हो गया है। आने वाले दिनो मे शहरी क्षेत्रो की जनसंख्या के आधार पर वार्डो का परिसीमन करके उसे समायोजित करने की तैयारी भी शुरू हो चुकी है। खास बात यह है कि वर्ष 2011 के बाद जनगणना नहीं हुआ है। ऐसे में जनगणना के पुराने आंकड़ों के आधार पर नगरीय निकायों में वार्डो की संख्या बढ़ने की उम्मीद नहीं है। हालांकि परिस्थितियों को देखते हुए वार्डो का नए सिरे से परिसीमन व समायोजन का काम जरूर शुरू हो गया है।

#### 13 साल पुराने जनसंख्या के आंकड़े

वर्ष 2011 के जनगणना के अनुसार जांजगीर चाम्पा जिले के 3 नगर पालिका परिषद एवं 6 नगर पंचायतो के आबादी पर नजर डाली जाए तो नगर पालिका परिषद जांजगीर नैला की कुल आबादी 40 हजार 561 है। जिनमें पुरूष आबादी करीब 20 हजार 731 तो वही महिलाओ की आबादी 19 हजार 830 है। इसी प्रकार अकलतरा नगर पालिका परिषद की कुल आबादी 22 हजार 712 है। जिनमें पुरूषो की आबादी 11 हजार 686 तो वही महिलाओ की आबादी 11 हजार 26 है। चाम्पा पालिका परिषद की आबादी वर्ष 2011 के जनगणना के अनुसार 45 हजार 256 है जिनमें पुरूष लोगो की आबादी 23 हजार 190 तो वही महिला लोगो की आबादी 22 हजार 66 है। नगर पंचायतो के आंकडो पर गौर करे तो नगर पंचायत बलौदा की कुल आबादी 13 हजार 630 है जिनमे पुरूष वर्ग की आबादी 6 हजार 898 तो वही महिलाओ की आबादी 6 हजार 732 है। नगर पंचायत नवागढ की आबादी को देखे तो कुल 8 हजार 118 लोगो की आबादी है जिनमें 4 हजार 54 पुरूषो की संख्या तो वही महिलाओ की संख्या 4 हजार 68 है। इसी प्रकार नगर पंचायत शिवरीनारायण की आबादी 9 हजार 707 है जिनमें 5 हजार1 पुरूषो की आबादी तो वही 4 हजार 706 महिला है। सारागांव नगर पंचायत की आबादी वर्ष 2011 के अनुसार 7 हजार 216 कुल आबादी तो वही 3 हजार 597 पुरूष तो वही 3 हजार 619 महिला लोगो की आबादी है। नगर पंचायत राहौद की कुल आबादी 6 हजार 160 है। जिनमें पुरूष लोगो की आबादी 3 हजार 89 तो वही महिलाओ की आबादी 3 हजार 75 है। नगर पंचायत खरौद की कुल आबादी 10 हजार 193 है। जिनमें 5 हजार 114 पुरूष तो वही 5 हजार 79 महिलाओ की जनसंख्या है।

#### 18 जुलाई तक दावा आपत्ति का निराकरण

जिला प्रशासन का प्रशासनिक अमला अब नगर पालिका एंव नगर पंचायत चुनाव की तैयारी में लग गया है। वही इसके लिए विभिन्न वार्डो का परिसीमन शुरू हो गया है। शहरी क्षेत्रो में वार्डो का परिसीमन एंव अन्य कार्य प्रारंभ हो चुका है। जिसके तहत मंगलवार 9 से 15 जुलाई के मध्य प्रारंभिक प्रकाशन एवं दावा आपत्ति का कार्य चलेगा । वही गुरूवार 18 जुलाई को दावा आपत्ति का निराकरण किया जाएगा। वही वार्डो के परिसीमन के आधार पर वार्डो को समायोजित भी आने वाले दिनो मे किया जाएगा। कुल मिलाकर देखा जाए तो नवम्बर दिसम्बर माह के दौरान नगर पालिका एवं नगर पंचायत के चुनाव प्रस्तावित है।

#### चल रही तैयारी

पालिका एवं नगर पंचायत चुनाव को लेकर परिसीमन एवं वार्डो का समायोजन किया जाना है। इसके लिए कार्य प्रारंभ हो गया है। इसके साथ ही दावा आपत्ति एंव समस्या आने पर मामलों का निराकरण किया जाएगा।

-एस पी वैद्य
अपर कलेक्टर, जांजगीर चाम्पा

# घेराबंदी कर गांजा तस्कर को पुलिस ने दबोचा, 1 लाख का माल जब्त

### 20 बी एनडीपीएस के तहत की गई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



जब्त गांजा के साथ पुलिस गिरफ्त मे आरोपी।

बस में सवार होकर गांजा परिवहन करने के मामले में पुलिस ने पांच किलो गांजा के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया है। जब्त गांजे की कीमत 1 लाख 4 हजार रुपए बताई जा रही है। मामला पामगढ़ थाने का है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मामला बुधवार 10 जुलाई का है। बिर्रा थाना क्षेत्र के ग्राम घिवरा निवासी जीवन लाल यादव पिता मोहन लाल यादव उम्र 44 साल शिवरीनारायण तरफ से लाल सफेद रंग के बस मे सवार होकर हरा बैग मे गांजा लेकर पामगढ की ओर आ रहा है। सूचना पर रेड कार्यवाही के लिए बस स्टैण्ड गए। जहां बस को रूकवाकर चेक किया गया जो मुखबीर के बताये हुलिया अनुसार बस में बैठे एक व्यक्ति को पकड़कर पूछताछ की गई। जिस पर उसने अपना नाम जीवन लाल यादव निवासी घिवरा थाना बिर्रा का होना बताया। जिसके कब्जे से बैग अंदर पालीथीन मे लपेटकर रखा हुआ कुल 5 किलो 200 ग्राम गांजा को जब्त किया। जिसकी कीमत 1 लाख 4 हजार रुपए बताई जा रही है। आरोपी का कृत्य धारा 20(B) एनडीपीएस एक्ट का घटित करना, सबूत पाये जाने से एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानो का पालन करते हुये आरोपी को विधिवत गिरफ्तार किया गया। उपरोक्त कार्यवाही मे उप पुलिस अधीक्षक अनिल कुर्रे, सउनि नरेन्द्र डिकसेना, आरक्षक भुवनेश्वर साहू, रोहित साहू, उमेश दिवाकर का योगदान रहा।

# कीचड़ व दलदल ऊपर से राखड़युक्त बोल्डर, राहगीर परेशान

**चांपा।** ग्राम कुरदा चांपा के बाजार चौक के पास ग्राम के मुख्य पहुंच मार्ग में रोड़ के बीच बोल्डर युक्त राखड डाल कर छोड़ दिया गया है। इस रोड़ पर पहले से ही बड़े बड़े गड्ढे हैं और कीचड़ से भरा हुआ हैं।



ग्राम कुरदा के बाजार चौक के पास रास्ते में बोल्डर युक्त राखड को रोड के बीच में डाल कर छोड़ दिया गया है। जिससे लोगों का आवागमन अवरोध हो गया है एवं दुर्घटना होने की संभावना है। चारपहिए वाहनों का आना जाना पूरी तरह बंद हो गया है। जिससे स्कूली बच्चों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं।

# ईंट भट्टा संचालक को जान से मारने की धमकी देकर मारपीट, 3 आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

ईट भट्टा संचालक से शराब पीने के लिए रुपए की मांग करने व मारपीट करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

**खास बात**
- अकलतरा थाना क्षेत्र के ग्राम खिसोरा का मामला

मामला अकलतरा थाना क्षेत्र के ग्राम खिसोरा का है।

इस संबंध में अकलतरा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सुनील लहरे 19 जून को 2 बजे के आस पास सेंट्रल बैक अकलतरा जा रहा था, उसी समय प्रभात कुर्रे, भगत बंजारे एंव दीपक लहरे पैशन


गिरफ्तार आरोपी।

मोटर सायकल क्रमांक सीजी 11 एएन 8999 से आये प्रार्थी से शराब पीने के लिए पैसा की मांग करने लगे। जिस पर ईट भट्टा संचालक सुनील लहरे ने रुपए देने से मना कर दिया। जिस पर तैश में आकर तीनों लोगों ने संचालक से हुज्जतबाजी करते हुए जान से मारने की धमकी दी एवं इसके साथ ही उनसे मारपीट भी की गई। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना अकलतरा में धारा 327,506,34 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना अकलतरा पुलिस द्वारा आरोपियो को उसके सकुनत से पकड़ा जिसको हिरासत में लेकर घटना के संबंध में पूछताछ किया तो जुर्म स्वीकार किए जाने से तथा अपराध धारा सदर का सबूत पाए जाने से गिरफ्तार कर 10 जुलाई को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। सम्पूर्ण कार्यवाही में निरीक्षक मणीकांत पाण्डेय, सउनि बी.पी खांडेकर, आरक्षक विनोद राठौर, बसंत साहू, बृजपाल बर्मन का योगदान सराहनीय रहा।

# पुलिस व औषधि विभाग की संयुक्त टीम ने की दवा दुकानों की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

सक्ती क्षेत्र में नशे के बढ़ते अवैध कारोबार पर रोक लगाने की दिशा में पुलिस एवं औषधि विभाग ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए दवाई दुकानों की जांच की। इस दौरान दर्जन भर से अधिक दुकानों और गोदामों की जांच की गई।

गौरतलब है कि दवाई दुकानों में नशे की दवाईयों के अवैध भंडारण और बिक्री की शिकायतें मिलती रहती है। इस पर रोक लगाने पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के दिशा निर्देशन में पुलिस टीम ने औषधि विभाग के साथ संयुक्त टीम गठित कर शहर के दवाई दुकानों की जांच की। इस अभियान के दौरान सक्ती नगर में स्थित खेतान मेडिकल, श्याम मेडिकल, डालमिया मेडिकल, अशोक मेडिकल,


मेडिकल स्टोर्स की जांच करते अफसर।

रतेरिया मेडिकल और गायत्री मेडिकल एवं दवा स्टोरेज़ गोदाम की औचक चेकिंग की गई। इस चेकिंग में दवा दुकानों का लाइसेंस, प्रोपराइटर की जानकारी, फार्मास्यूटिकल के संचालक की डिग्री और वैध दस्तावेज, दवाओं की स्टॉक पंजी, विशेषकर एनआरएक्स नारकोटिक्स ड्रग्स के संबंध में रखे जाने वाले एच 1 रजिस्टर, स्टॉक पंजी, खरीदी बिक्री की पंजी, और मेडिकल प्रिसक्रिप्शन का रिकॉर्ड रखने संबंधी दस्तावेज चेक किए गए। कई दवा दुकानों में एक्सपायरी हो चुकी दवाइयां और मेडिकल किट स्टॉक में पाई गई। जिन्हे विधिवत डिस्पोजल( पर्यावरणीय अनुकूल) करने या कंपनी को वापस करने की हिदायत दी गई। विगत दो वर्षों की खरीदी बिक्री का रिकॉर्ड, रसीद और पंजी का लगातार संधारण करने बताया गया। इस दौरान नारकोटिक्स ड्रग्स, विशेषकर ऐसे दवाइयां जिनका लोग नशे के लिए इस्तेमाल करते हैं जैसे, अल्पाजोलम, नाईट्रा आदि और उनके सबसीडीरी को चेक कर दावा विक्रेताओं को सख्त हिदायत दी गई की बिना वैध मेडिकल प्रिसक्रिप्शन और रिकॉर्ड को उचित तरीके से संधारित किए बिना ऐसे दवाओं के विक्रय करने पर एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के तहत कठोर कारवाई की जायेगी।

### शासकीय कर्मचारी संघ ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

# 50 प्रतिशत महंगाई भत्ता सहित अन्य मांगों को लेकर खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

50 प्रतिशत महंगाई भत्ता, 300 दिन का अवकाश नगदीकरण सहित अन्य विभिन्न मांगों को लेकर शासकीय कर्मचारी संघ ने मोर्चा खोल दिया है। इस संबंध में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर मामलों के शीघ्र निराकरण की मांग की है।

ज्ञात हो कि छ.ग. प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ जिला ईकाई सक्ती के तत्वाधान में 10 जुलाई को मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम कलेक्टर जिला सक्ती को लन्च टाईम में ज्ञापन सौंपा गया । इसमें केन्द्र के समान राज्य कर्मचारियों को भी 50 प्रतिशत महंगाई भत्ता, 300 दिन का अवकाश नगदीकरण, पिंगुआ


ज्ञापन सौंपनेइपहुचे शासकीय कर्मचारी संघ के पदाधिकारी।

समिति का रिपोर्ट, शिक्षक लिपिक स्वास्थ्य कर्मचारियों के लिए लागु करने, अनियमित दैनिक वेतन भोगी, कार्यभारित कर्मचारियों के नियमितिकरण, लंबित पदोन्नति, कलेक्टर द्वारा संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक आहुत करने, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जैजैपुर के कर्मचारियों की समस्या का निराकरण, प्रधान पाठक प्राथमिक शाला टी संवर्ग की वरिष्ठता सुची में सक्ती ब्लाक के पात्र शिक्षकों का नाम जोड़ना, पी.एच.ई. विभाग में हैण्ड पंप टेक्नीशियनों को सुपरवाईजर के पद पर पदोन्नति, आई.टी.आई. में कार्यरत कर्मचारियों की परिविक्षाअवधि को समाप्त करते हुए पदोन्नत, समयमान, आरपीएल आदि विषयों पर आई.टी.आई. के कर्मचारी हितों के मांगो पर विचार करके निराकरण करने आदि मांगों का ज्ञापन जिला अध्यक्ष राधेलाल भारद्वाज, प्रमुख संरक्षक रमेश तिवारी कार्यकारी जिला संयोजक राधेश्याम साहू तहसील संयोजक मालखरौदा विकास चौबे तहसील संयोजक शक्ति अशोक राठौड़ संतोष कुमार राठौर शांतिलाल संजीव साहू संतोष कुमार मेहरा जय नारायण राठौर, पूनम चंद चौहान, कृष्ण कुमार साहू, प्रदीप वर्मा, सिकंदर सिंह खूंटे, श्रीमती पायल देवांगन, शत्रुघ्न केवट जगन्नाथ गोस्वामी श्याम कुमार सोनी चिरंजीव प्रसाद राठौर नरेंद्र कुमार वैष्णव शैल कुमार पांडे, रमेश देवांगन श्याम लाल यादव राजकुमार सिद्धार्थ जय किशन उरांव जैनेंद्र जायसवाल चंद्रभूषण अरुण कुमार खुटे, खगेश कुमार पटेल, विजय बहादुर सिंह संरक्षक उपस्थित रहे।

# नाबालिग बालिका को बहलाकर किया दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



नाबालिग बालिका को बहला फुसलाकर भगा ले जाकर दैहिक शोषण करने वाले आरोपी को पामगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 18 जून को कोई अज्ञात व्यक्ति नाबालिग को बहला फुसलाकर कर अपहृत कर ले गया है। रिपोर्ट पर धारा 363 भादवी कायम कर विवेचना में लिया गया। नाबालिक बालिका पर घटित अपराध को गंभीरता से लेते हुए विवेक शुक्ला एसपी के निर्देशन में अपहृत बालिका एवं आरोपी की पतासाजी हेतु थाना स्तर टीम गठित किया गया। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार जायसवाल के मार्गदर्शन में गठित टीम द्वारा पतासाजी की जा रही थी। मुखबिर की सूचना पर अपहृत बालिका को आरोपी जसमेर कश्यप के कब्जे से वैशालगांव हरियाणा से बरामद किया। आरोपी से घटना के संबंध में पूछताछ करने पर घटना करना स्वीकार किए जाने पर मामले में धारा 366, 376 (2)(n), 34 भादवि 04, 06 पॉक्सो एक्ट जोड़ी गई है। विवेचना के दौरान आरोपी जसमेर कश्यप निवासी चनालहेरी थाना इस्लामाबाद के विरुद्ध अपराध सबूत पाये जाने पर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। प्रकरण की विवेचना जारी है।

**खबर संक्षेप**

## भारतीय किसान संघ के तहसील स्तरीय कार्यकारिणी का गठन



**अकलतरा।** भारतीय किसान संघ के तहसील स्तरीय कार्यकारिणी का गठन प्रांतीय मंत्री देव प्रसाद तिवारी के निर्देशन में अकलतरा में गठन किया गया। नवगठित कार्यकारिणी में संजय कुमार सिंह नरियरा को अध्यक्ष, इंद्रमन प्रसाद मरकाम परसाही नाला अनिल कुमार रात्रे सोरमाल को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसी प्रकार मंत्री युगल किशोर सिंह अकलतरा ,संगठन मंत्री सेवक राम रात्रे बरबसपुर ,सह मंत्री भगवत लाल बंजारे सो रमाल ,कोषाध्यक्ष छेदीलाल यादव बरबसपुर ,महिला प्रमुख सहोदराबाई यादव बरबसपुर, युवा प्रमुख शिवेंद्र कुमार सिंह अकलतरा, सहकारिता प्रमुख राजकुमार कौशिक खोड़ ,जैविक प्रमुख रामनाथ रात्रि सोरामाल, पर्यावरण प्रमुख संतोष कैवर्त नरियरा, प्रचार प्रमुख चंद्रभान मरावी बरपाली, गौ सेवा प्रमुख रविंद्र कुमार धनुवार बरपाली ,जल संरक्षण प्रमुख रामकुमार बंजारे अर्जुनी, विपणन प्रमुख सचिन पाटले नरियरा, कार्यकारी प्रमुख शशिकांत कुशवाहा भैंसतरा एवं कार्यकारी सदस्य श्रीमती सुकमत पटेल परसाई नाला ,सनत कुमार साहू नरियरा, प्रकाश विके पचरी दल्हा ,कार्तिक कुमार कश्यप भैंसतरा ,परदेसी आयाम झिरिया, लोकेश्वर प्रसाद साहू मधुवा को बनाया गया है। नियुक्ति के बाद समस्त सदस्यों ने अपने-अपने कार्य को पूर्ण करने की प्रतिज्ञा ली।

## बच्चों के साथ शिक्षकों ने लगाया पौधा, लिया सुरक्षा का संकल्प



**बहेराडीह।** जिस प्रकार हम मनुष्य आपस में बातचीत करते हैं वैसे ही पेंड भी एक दूसरे से बात करते हैं वे अपने भोजन और अन्य आवश्यक संसाधन को एक दूसरे को आदान - प्रदान करते हैं। उक्त बातें एक पेड़ मां के नाम आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में शैक्षिक समन्वयक अशोक तिवारी ने बच्चों से कही। उन्होंने पेड़ों के महत्व को बताते हुए कहा कि वे हमारे जीवन के महत्वपूर्ण अंग है । पेंड हवा को शीतल बनाते हैं ,शुद्ध करते हैं और मिट्टी को कटाव से रोकते हुए स्थिर करते हैं। पेड़ों की रोचक बातों की जानकारी देते हुए बच्चों को बताया गया किये ध्वनि के तरंगों को भी कम करते है तथा , इनके आसपास घर बनाकर रहने से मनुष्य मानसिक और सामाजिक रूप से स्वस्थ्य रहता है इसलिए पेड़ों को न काटते हुए जितना हो सके अधिक से अधिक लगाना चाहिए। पेंडो के महत्व को जानने के बाद बच्चों ने इसकी रक्षा करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सरपंच लखेकुमारी चन्द्र कुमार राठौर ने बच्चों को पेंडो की देखभाल करते रहने को कहा। आज इस अवसर पर बालक प्रथमिक और पूर्व मा शाला के सभी शिक्षकों ने एक- एक पेड़ एक एक बच्चों के साथ लेकर एक पेड़ माँ के नाम लगाया। सभी अशोक के पेड़ थे जिनकी सम्पूर्ण देखभाल की जिम्मेदारी शैक्षिक समन्वयक अशोक तिवारी ने ली। इस कार्यक्रम में संजय अवस्थी, राजू देवांगन, यशवंत देवांगन, नरेश देवांगन, ज्योतिदास महंत, घनश्याम शुक्ला, मुनिव शुक्ला, नारायण चन्द्रा, हीरालाल राठौर, शिवम राठौर सहित दोनों स्कूल के बच्चे उपस्थित थे।

## स्वच्छता अभियान को लेकर जागरूक हो रहे ग्रामीण

**बिर्रा।** बम्हनीडीह विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सोनादह में स्वच्छता का ग्रामीणों द्वारा पालन किया



जा रहा है। पंचायत द्वारा गांव के रामसागर तालाब, गौटीन दाई मंदिर व पंचायत भवन, नदी किनारे, चौक चौराहों सहित कई स्थानों पर कुड़ादान का निर्माण किया गया है। लोग कूड़ा करकट अपशिष्ट पदार्थ व कचरा को कुड़ादान में डालते है जिससे कचरा एक जगह इकट्ठा हो जाता है। ग्रामीण उसका उपयोग कर गांव को स्वच्छ बनाने में अपना योगदान दे रहे है। उपसरपंच सोष कुमार खूंटे का कहना है कि कुड़ादान का उपयोग कर लोग स्वच्छता के प्रति जागरूक हो रहे है। सरपंच रमेश पटेल का कहना है कि लोगों के द्वारा कुड़ादान का उपयोग किया जा रहा है और जब कचरा भर जाता है तब उसे साफ करवाया जाता है।

**निधन**

## प्रवीण कुमार वैष्णव

**जांजगीर-चांपा।** ग्राम पंचायत कमरीद के प्रतिष्ठित नागरिक शिव शंकर वैष्णव के छोटे सुपुत्र प्रवीण



कुमार वैष्णव का मंगलवार 9 जुलाई को निधन हो गया। वे 31 वर्ष के थे। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार गांव के स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि प्रणव वैष्णव ने दी। उनकी अंतिम यात्रा में रामकृष्ण वैष्णव, राजेश वैष्णव, अश्वनी वैष्णव, लवकांत, योगेश, तन्मय मानसू सहित परिवार एवं गांव के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### आमजनों को मिलने वाली सुविधाएं एवं दवाओं की उपलब्धता के बारे में ली जानकारी

# कलेक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

जिला मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में आमजनों को उपलब्ध कराये जा रहे स्वास्थ्य सुविधाओं का कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने बुधवार 10 जुलाई को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर द्वारा एमसीएच भवन में चल रहे मरम्मत कार्य का अवलोकन के साथ आयुष्मान पंजीयन कक्ष, ओपीडी पंजीयन कक्ष में आमजनों को मिलने वाली सुविधाए, दवाओं की उपलब्धता के बारे में जानकारी लेते हुए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर द्वारा मेडिसिन गहन चिकित्सा इकाई, हमर लैब, ब्लड स्टोरेज सेंटर, गर्भवती माता सोनोग्राफी, विशेषज्ञ चिकित्सक, ओपीडी की समय सारणी तथा अन्य व्यवस्थाओ से आमजनों को मिलने वाली सुविधाओ की जानकारी ली गई। निरिक्षण के दौरान कलेक्टर द्वारा स्वास्थ्य केंद्र में स्वच्छता व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान रखने स्वास्थ्य विभाग के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को नियमानुसार आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए है। इसके साथ ही



सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण करते कलेक्टर।

कलेक्टर द्वारा प्री लेबर रूम, पोस्ट आपरेटीव वार्ड तथा प्री ऑपरेटिव वार्ड में भर्ती गर्भवती व शिशुवती माताओं से उनके स्वास्थ्य के बारे में तथा स्वास्थ्य केंद्र में मिलने वाली सुविधाओं, भोजन की व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर द्वारा निर्माण एजेंसी सीजीएमएससी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर पर नए बीपीएचयू भवन, 10 बिस्तर नवीन वार्ड निर्माण कार्य तथा एमसीएच भवन के सीपेज समस्या का मरम्मत कार्य तेजी से तथा गुणवत्तापूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही कलेक्टर द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक और चिकित्सकीय स्टाफ की उपलब्धता, ऑपरेशन थिएटर में होने वाले स्त्री रोग से संबंधित सिजेरियन ऑपरेशन, महिला नसबंदी ऑपरेशन, गर्भाशय आपरेशन, मोतिया बिंद आपरेशन, सामान्य सर्जरी के संबंध में जानकारी ली गई तथा आवश्यक निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सुरज सिंह राठौर द्वारा कलेक्टर श्री तोपनो को बताया गया की वर्तमान में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सक्ती का संचालन 50 बिस्तर एमसीएच भवन में किया जा रहा है, जहां 8 विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवा दे रहे है जिनमे एक स्त्री रोग विशेषज्ञ चिकित्सक, एक शिशु रोग विशेषज्ञ, एक निश्चेतना विशेषज्ञ चिकित्सक, दो मेडिसिन विशेषज्ञ चिकित्सक, दो नेत्र रोग विशेषज्ञ सर्जन, एक जनरल सर्जन कार्यरत है। साथ ही सीएचसी में ब्लड स्टोरेज केंद्र, गर्भवती माताओं हेतु सोनोग्राफी कक्ष, सिकल सेल जांच एवं परामर्श केंद्र तथा हमर लैब संचालित है। उन्होंने बताया की हार्मोन एनलाइजर की मदद से थायराइड जैसे हार्मोन का भी जांच किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने बताया की सिजेरियन ऑपरेशन, महिला नसबंदी, गर्भाशय आपरेशन और मोतिया बिंद आपरेशन की सुविधा भी अब सीएचसी में उपलब्ध है तथा सभी प्रकार की द्वितीयक स्तर की औषधियां सीएचसी में उपलब्ध है। निरिक्षण के दौरान डीपीएम श्रीमती अर्चना तिवारी सहित स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न शाखाओं के संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# बिना सूचना पाइप लाइन बिछाने खेत में खोदा सात फीट गड्ढा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

ग्राम कोटगढ़ में आयोजित जन समस्या निवारण शिविर में कोटगढ़ के किसानों के द्वारा उनकी कृषि भूमि में गेल इंडिया द्वारा बिना पूर्व सूचना एवं अनुमति के पाइपलाइन बिछाए जाने के लिए किए गए गड्ढों से दुर्घटना की आशंका एवं मुआवजा को लेकर शिकायत की गई है। ग्राम कोटगढ़ में गेल इंडिया के द्वारा पाइपलाइन बिछाए जाने के नाम पर किसानों के खेत में बिना पूर्व सूचना एवं अनुमति के 7 फीट गहरा एवं 4 फीट चौड़ा व सैकड़ो फीट लंबा गड्ढा कर दिया गया है जिसमें पशु एवं बच्चों के गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो जाने की आशंका बनी हुई है। कोटगढ़ के किसान निगम सिंह बैस ने बताया कि निजी भूमि क्रमांक 2229, 2284/2, 2289/4 , 2289 / 11 कुल रकबा 6:30 एकड़ में गेल इंडिया के द्वारा पाइपलाइन बिछाने के लिए 7 फीट गहरा गड्ढा खोदकर छोड़ दिया गया है। इन गड्ढों में गिरकर यदि कोई पशु अथवा बच्चे दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं तो इसका जवाबदार कौन होगा। गेल इंडिया के द्वारा इन गड्ढों को खोदे हुए 15 दिन से ज्यादा हो गया है एवं इन गड्ढों को पाटने के लिए गेल इंडिया के अधिकारियों को कोई बार आवेदन किया जा चुका है लेकिन उनके द्वारा अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। जन समस्या निवारण शिविर में किसान ने यह भी बताया कि इन गड्ढों के चलते वह अपने खेतों पर कृषि कार्य नहीं कर पा रहा है। गेल इंडिया के विरुद्ध कार्रवाई एवं मुआवजा को लेकर क्षेत्र के किसानों के द्वारा कलेक्टर एवं स्थानीय प्रशासन को भी शिकायत की जा चुकी है लेकिन अभी तो कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

**खास बात**

- कभी भी घट सकती है दुर्घटना, किसानों ने जन समस्या निवारण शिविर में आवेदन देकर अधिकारियों से की शिकायत



खेत में खोदा गया गड्ढा।

## चलती स्कूल बस का टायर फटा अंदर बैठे बच्चे बाल-बाल बचे



**अकलतरा।** सेंट जेवियर स्कूल के बच्चों को लेकर तरौद, बनाहिल, नरियरा एवं आसपास के गांव में जा रही बस का टायर ग्राम तरौद के मुख्य मार्ग पर केएसके भू स्थापित किसान संघ कार्यालय के सामने अचानक फट जाने से हड़कंप मच गया एवं बस में सवार बच्चे भयभीत होकर रोने लगे हालांकि किसी बच्चे को कोई नुकसान नहीं हुआ है। घटना के तुरंत बाद केएसके भू विस्थापित किसान संघ की अध्यक्ष ज्योति नोर्गे घटनास्थल पर पहुंची एवं घटना से भयभीत व रो रहे बच्चों को उनके द्वारा चुप करा कर अपने कार्यालय में बैठिकर उन्हें दिलासा दी गई। ज्योति नोर्गे ने बताया कि नरियरा, बनाहिल, तरौद एवं आसपास के भू विस्थापित किसानों के बच्चों को क्षेत्र के सेंट जेवियर स्कूल सहित अन्य स्कूलों में अध्यापन कार्य के लिए अनुबंध तो कर दिया गया है लेकिन बच्चों को लाने ले जाने के लिए किए गए बस के फिटनेस को लेकर केएसके प्लांट प्रबंधन के द्वारा लापरवाही बरती जा रही है जिसके चलते यह घटना घटित हुई। प्लांट प्रबंधन के द्वारा अपने स्टाफ के लिए तो सर्व सुविधा युक्त बस लगाई गई है लेकिन मजदूर एवं किसानों के बच्चों के लिए खटारा बसों की व्यवस्था की गई है। क्षेत्र के अधिकांश स्कूल बसों के पास फिटनेस प्रमाण पत्र नहीं है उसके बाद भी यह बसें धड़ले से चलाई जा रही हैं।

# जिले का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत लाने अभी से जुट जाएं शिक्षक : दुर्गा प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांपा

विकासखंड स्तरीय शिक्षा विभाग की बैठक मंगलवार को सरस्वती शिशु मंदिर चांपा में सहायक कलेक्टर एवं प्रभारी डीईओ दुर्गा प्रसाद अधिकारी ने ली। बैठक में बम्हनीडीह बीईओ एम डी दीवान उपस्थित थे।

- सहायक कलेक्टर एवं प्रभारी डीईओ ने ली बैठक

सहायक कलेक्टर ने संकुल प्राचार्य , सीएसी एवं मिडिल स्कूल के प्रधान पाठकों से कहा कि उत्कृष्ट जांजगीर विजन के तहत जिले का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत लाने अभी से जुट जाएं। बच्चो के सर्वांगीण विकास हेतु नवाचारी और गुणवत्तापूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए बेहतर शैक्षणिक वातावरण तैयार कर शिक्षा प्रदान करें । समय सीमा में साप्ताहिक , प्रतिमाह , त्रिमासिक परीक्षा लेकर छात्रो का स्तर बढ़ाये । कमजोर छात्रो को विशेष ध्यान देकर उन्हें शिक्षा प्रदान करे । शिक्षक नियमित रूप से समय पर स्कूल पहुंचे इसमें किसी को कोई छूट न दे । संकुल प्राचार्य और सीएसी नियमित रूप से स्कूलों का मानिटरिंग करे और प्रार्थना के समय स्कूलों में पहुचे। माह के अंतिम शनिवार को पालक शिक्षक की बैठक जरूर लेवे । विनोबा एप में नियमित उपस्थिति एवं अन्य गतिविधियों को संधारित करे। बीईओ एम डी दीवान ने कहा कि सभी स्कूलो में बेहतर शैक्षणिक वातावरण तैयार कर नियमित शाला संचालित करें इसमें किसी तरह की लापरवाही नही करे । सभी शिक्षक नियमित समय पर स्कूल पहुँचकर अध्यापन कार्य करावे ।विनोबा ऐप में नियमित उपस्थिति अनिवार्य रूप से संधारित करे । बोलेगा बचपन कार्यक्रम का क्रियांवयन बेहतर ढंग से करें ताकि बच्चो का आत्मविशास विकसित हो । गुणवत्तापूर्ण मध्यान्ह भोजन का संचालन करें एवं न्योता भोजन भी आयोजित करें। उन्होंने सभी शिक्षको से एक पेड़ मां के नाम के तहत प्रत्येक विद्यालय में कम से कम पांच पेड़ लगाने के निर्देश दिये । इस अवसर पर बसन्त चतुर्वेदी, सुशील शर्मा, परमेश्वर राठौर, मोहन यादव एवं संकुल प्राचार्य ,सीएसी एवं प्रधान पाठक उपस्थित थे ।



बैठक में उपस्थित संकुल प्राचार्य व प्रधान पाठकों को निर्देश देते सहायक कलेक्टर।

## एक पेड़ मां के नाम थीम पर कलेक्ट्रेट परिसर में किया गया पौधरोपण

**सक्ती।** एक पेड़ मां के नाम थीम पर कलेक्ट्रेट परिसर पर सांसद, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, कलेक्टर, डीएफओ सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने पौधरोपण किया। कलेक्ट्रेट परिसर पर एक पेड़ मां के नाम थीम पर सांसद श्रीमती कमलेश जांगडे द्वारा नीम का पौधा, विधायक सक्ती डॉक्टर चरण दास महंत द्वारा बादाम का पौधा, विधायक चंद्रपुर रामकुमार यादव द्वारा कोसम का पौधा, विधायक जैजैपुर बालेश्वर साहू द्वारा नीम का पौधा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती यनिता यशवंत चंद्रा द्वारा काला सीरस, कलेक्टर अमृत विकास तोपनो द्वारा काला सीरस और परियोजना निदेशक बी पी भारद्वाज द्वारा काला सीरस, डीएफओ श्रीमती प्रियंका पांडेय, अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा, डिप्टी कलेक्टर विश्वास कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों द्वारा पौधरोपण किया गया।



# मेगा कैम्पस प्लेसमेंट में 50 से अधिक उम्मीदवारों का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

श्री ऋषभ शिक्षण समिति, बनाहिल (अकलतरा) द्वारा संचालित श्री ऋषभ विद्योदय महाविद्यालय एवं श्री ऋषभ आई.टी.आई. बनाहिल के संयुक्त तत्वावधान में 09 जुलाई को मेगा कैम्पस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। प्लेसमेंट में राष्ट्रीय स्तर की पांच प्रतिष्ठित कंपनियाँ, बीएसए, एडेक्को इंडिया, ईडीएमसी सोलर, बेलराईस इंडस्ट्री और ट्रीनिटी इंडिया द्वारा विभिन्न पदों के लिए आवश्यकतानुसार 50 से अधिक उम्मीदवारों का चयन कर तत्काल ज्वाइनिंग लेटर जारी किया गया। प्लेसमेंट इंटरव्यू के दौरान छात्र-छात्राओं में अत्यंत उत्साह देखा गया। संस्थान के संचालक डॉ.जे.के. जैन ने बताया कि अंचल के छात्रों में इस प्लेसमेंट के जरिए रोजगार प्राप्त होने पर अत्यंत खुशी देखी गई। जॉब के लिए शिक्षित युवाओं की भीड़ को देखकर उन्होंने कहा कि आगे और बड़े आयोजन किये जाएंगे, जिससे क्षेत्रीय युवाओं को रोजगार के अधिक अवसर प्राप्त होंगे। संस्था सचिव अंकित जैन ने कहा कि संस्थान की स्थापना का ध्येय ही गुणवत्तापूर्ण, मूल्यपरक एवं रोजगारोन्मुखी शिक्षा प्रदान करना है अतः सभी प्रकार की सुविधाएं दी जा रही हैं। प्लेसमेंट में नवीन कुमार आदित्य, नमित कुमार सेन, संतोष कुमार ध्रुव, डॉ राकेश सोनी, बृजनंदन पटेल एवं दुआसराम कश्यप का सहयोग रहा।

- श्री ऋषभ विद्योदय महाविद्यालय में प्लेसमेंट का किया गया आयोजन



प्लेसमेंट कैम्प में शामिल युवा।

# पर्यावरण को बचाए रखने के लिए पौधरोपण जरुरी

**चांपा।** शासकीय एम एम आर पीजी महाविद्यालय चांपा में प्राचार्य डॉ बी डी दीवान के निर्देशन में वृक्षारोपण का कार्य क्रम संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ बी के डहरिया ने कहा कि पर्यावरण को बचाए रखने के लिए पौधे लगाना आवश्यक है जिससे हमें जीवन प्रद वायु प्राप्त होता है।

इस अवसर पर प्रो आर आर साहू ने भी कहा कि पर्यावरण में संतुलन बनाए रखने के लिए पेड़ पौधे लगाना आवश्यक है आज परिवेश में नए-नए उद्योग कल कारखाने स्थापित होने से पेड़ पौधों की अंधाधुंध कटाई हो रही है जिसे भरपाई करने की हमें आवश्यक आवश्यकता है। इस अवसर पर महाविद्यालय में जामुन,नीम अमरूद, करंज आदि छायादार वृक्ष लगाए गए एवं ट्री गार्ड लगाकर सुरक्षित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रो नाथ मैडम, डां के आर जाटवार, डॉ व्ही के शर्मा, डॉ सुनीता राठौर, डॉ एस पी भारद्वाज डां एल पी मिरी,जेके दीवान, कार्तिक पटेल, सागर पटेल,सागर पटेल, लक्ष्य ,सरिता,छोटी आदि छात्र सहित बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस प्रभारी डॉ डीएन बंजारे ने करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को एक-एक पौधे लगाने की आवश्यकता है अन्यथा तापमान का भयावह रूप आप देख ही रहे हैं, यदि पेड़ पौधे नहीं लगायें तो मानव, जीव जंतु के नष्ट होने के कगार पर हम सब खड़े हैं।



### ऋणी एवं अऋणी किसानों को अधिक से अधिक फसल बीमा में शामिल करने निर्देश

# प्राकृतिक आपदा की स्थिति में फसल बीमा बेहतर विकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

कलेक्टर अमृत विकास तोपनो की अध्यक्षता में मंगलवार 9 जुलाई को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत जिला स्तरीय पर्यवेक्षक समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कलेक्टर तोपनो द्वारा क्रियान्वयन बीमा कम्पनी को कृषि विभाग, सहकारिता एवं बैंक के साथ समन्वय स्थापित कर अधिक से अधिक प्रचार कर फसलों के बीमा कराने के लिए किसानों को प्रेरित करने के निर्देश दिये गए। उन्होंने जिले के सभी किसानों से फसलों का बीमा कराने के लिए अपील की है, ताकि आपदा की स्थिति में किसानों को क्षति पूर्ति हेतु दावा भुगतान मिल सके। बैठक में कलेक्टर ने बताया की प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत खरीफ फसलों के लिये बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई नियत की गई है। बैठक में कलेक्टर ने ऋणी एवं अऋणी किसानों को अधिक से अधिक फसल बीमा आवरण में शामिल कराने के निर्देश दिए है। बैठक में उप संचालक कृषि शंशाक शिन्दे ने बताया कि धान एवं मक्का फसल के लिये ग्राम को इकाई तथा उड़द और मूंगफली फसल के लिए राजस्व निरीक्षक मण्डल क्षेत्र को इकाई माना गया है। जिले के लिये खरीफ मौसम में धान सिंचित फसलों के लिए 410 ग्राम व धान असिंचित फसलों के लिए 437 ग्राम अधिसूचित है। मक्का फसल के लिए ग्राम उपनी विकासखण्ड डभरा अधिसूचित है। इसी प्रकार उड़द फसल के लिए तीन राजस्व निरीक्षक मण्डल डभरा, धुरकोट व सपोस तथा मूंगफली फसल के लिए सपोस राजस्व निरीक्षक मण्डल क्षेत्र को अधिसूचित किया गया है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ ऋणी, अऋणी, भूधारक कृषक, बटाईदार व वनपट्टाधारी कृषक ले सकते है। बीमांकित राशि धान सिंचित के लिये 24000 रुपए तथा धान असिंचित के लिये 17200 रुपए प्रति एकड है तथा कृषकों के लिये प्रीमियम राशि 2 प्रतिशत है। धान सिंचित के लिये 480 रुपए प्रति एकड़ तथा धान असिंचित के लिये 344 रुपए प्रति एकड़ प्रीमियम राशि जमा करना होगा। इसी प्रकार मक्का फसल के लिए 14400 रुपए, उड़द के लिए 8800 रुपए और मूंगफली के लिए 16800 रुपए प्रति एकड़ बीमांकित राशि निर्धारित की गई है तथा प्रीमियम राशि मक्का के लिए 288 रुपए, उड़द के लिए 176 रुपए और मूंगफली के लिए 336 रुपए प्रति एकड़ जमा करना होगा। इसी क्रम में शंशाक शिन्दे ने बताया कि प्राकृतिक आपदा की स्थिति में फसल बीमा बेहतर विकल्प होता है।




बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर एवं अन्य।



# स्वयंसेवकों को वितरण किया गया प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पामगढ़

एनएसएस इकाई विद्यालय विद्या निकेतन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पामगढ़ में बुधवार 10 जुलाई को स्वयंसेवकों को शाहिद नंद कुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ द्वारा जारी ए प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

विद्यालय संचालक एन के पांडे, प्राचार्य अशोक कुमार मिरे, दीपक प्रधान, उप प्राचार्य अर्जुन लाल यादव, प्रशासनिक विभाग प्रमुख अखिल शुक्ला, कार्यक्रम अधिकारी वीरेंद्र खुटे, सुरेश साहू, पूजा साहू एवं विद्यालय के समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों के समक्ष प्रमाण पत्र वितरण किया गया। विद्यालय प्रमुख ने स्वयंसेवकों को निस्वार्थ भाव से समाज सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहने एवं महाविद्यालय स्तर पर भी एन एस एस के माध्यम से अपने गुरुओं और अपने क्षेत्र का नाम रोशन करने की बात कही।